स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 273, दिनाकः 11–09–2024

थाना नायगांव, जिला मिरा–भाईदर, वसई–विरार पुलिस कमिश्नरेट, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0–422/2024 धारा 103(1), 140(2) बी0एन0एस0 में वांछित 02 अभियुक्त जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार।

दिनांक 10–09–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को थाना नायगांव, जिला मिरा–भाईदर, वसई–विरार पुलिस कमिश्नरेट, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0–422/2024 धारा 103(1), 140(2) बी0एन0एस0 में वांछित 02 अभियुक्तों को जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः</u>

1– मुकेश गोवर्धन दास खुपचंदानी पुत्र गोवर्धन दास, निवासी–शगुन निवास दशहरा मैदान बी/सी 1025, उल्हासनगर–3 जिला थाणे, महाराष्ट्र।
2– अनिल मल्लाह पुत्र राजकुमार उर्फ नेपाल मल्लाह निवासी ग्राम–घिराऊजोत, थाना पकड़ी, जिला कपिलवस्तु, नेपाल।

<u>बरामदगीः</u>

1– 01 अदद कलाई घड़ी (**OMEGA COMPANY** हत्या कर लूटी गयी)
2– 01 अदद हीरा जड़ित सोने की अंगूठी। (हत्या कर लूटी गयी)
3– रूपया 17,000/– नगद। (हत्या कर लूटी गयी)

<u>गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समयः</u>

भैरोपुर तिराहे के पास, थाना एम्स, जनपद गोरखपुर दिनांक 10–09–2024 समय लगभग 23:00 बजे।

थाना नायगांव, जिला मिरा–भाईदर, वसई–विरार पुलिस कमिश्नरेट, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0–422/2024 धारा 103(1), 140(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त मुकेश गोवर्धन दास खुपचंदानी व अनिल मल्लाह की गिरफ्तारी हेतु महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एस0टी0एफ0 से सहयोग मांगा गया था। जिस पर श्री धर्मेश कुमार शाही, पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ लखनऊ के पर्यवेक्षण में श्री सत्य प्रकाश सिंह निरीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, गोरखपुर के नेतृत्व में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 10–09–2024 को निरीक्षक श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक श्री यशवंत सिंह, मु0आ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, मु0आ0 अशोक कुमार सिंह, मु0आ0 उमेश कुमार सिंह एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई गोरखपुर एवं एपीआई श्री गनेश केकान, एपीआई श्री नितिन वेन्द्रे महाराष्ट्र पुलिस टीम द्वारा अभिसूचना संकलन किया जा रहा था कि इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना नायगांव, जिला मिरा–भाईदर, वसई–विरार पुलिस कमिश्नरेट, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0–422/2024 में वांछित अभियुक्त मुकेश गोवर्धन दास खुपचंदानी व अनिल मल्लाह भैरोपुर तिराहे के पास मौजूद हैं। इस

सूचना पर विश्वास कर एसटीएफ टीम व महाराष्ट्र पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वांछित दोनों अभियुक्तों को उक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया, जिनसे उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त मुकेश गोवर्धन ने पूछताछ पर बताया कि वह रामचन्द्र गुरूमुखदास ककॅरानी का निजी ड्राइवर था। रामचन्द्र की गाड़ी चलाते–चलाते मुकेश गोवर्धन को यह जानकारी हुई कि वह लाखों की घड़ी एवं सोने की हीरा जड़ित अॅगूठी पहनते हैं। रामचन्द्र गुरूमुखदास चालक मुकेश गोवर्धन उपरोक्त के साथ ही अपने 3–4 पेट्रोल पम्पों से पैसा कलेक्शन के लिए जाते थे। मुकेश ने अपने साथियों अनिल मल्लाह और अन्य के साथ रामचन्द्र की हत्या कर लूट की योजना बनाया। दिनांक 25–08–2024 को मुकेश गोवर्धन उपरोक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर रामचन्द्र की हत्या कर शव को उनकी गाड़ी HYUNDAI EXTER में ही छोड़कर उनकी हीरा जड़ित सोने की अॅगूठी व बेश कीमती OMEGA घड़ी को व कलेक्शन के पैसे को लूट लिया था। विस्तृत पूछताछ विवेचक/महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना एम्स, जनपद गोरखपुर में दाखिल किया गया। ट्रॉजिट रिमाण्ड एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना नायगांव, जिला मिरा–भाईदर, वसई–विरार पुलिस कमिश्नरेट, महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जाएगी।